महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण / ई-मेल

प्रेषक,

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

संख्या : प्राशिप / अनु03 / डिजिटल पुनर्मूल्यॉकन / 2024 / 1217 लखनऊ : दिनांक: 03/06/2024

विषयः परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर, परीक्षा दिसम्बर 2023 की लिखित उत्तरपुस्तिकाओं के डिजिटल पुनर्मूल्यॉकन का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप / अनु03 / डिजिटल पुनर्मूल्यॉकन / 2024 / 1031 दिनांकः 17.05.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें अवगत कराया गया था कि डिजिटल पुनर्मूल्यॉकन हेतु प्राप्त समस्त आवेदनों के क्रम में संबंधित विषय की उत्तरपुस्तिकाओं के डिजिटल पुनर्मूल्यॉकन का कार्य परिषद से सम्बद्ध समस्त राजकीय / अनुदानित क्षेत्र की संस्थाओं में प्रचलित है, तथा प्रमुख सचिव / अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, शासन / प्राविधिक शिक्षा परिषद, द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिन छात्र / छात्राओं के डिजिटल पुनर्मूल्यॉकन एवं Result Processing का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन छात्र / छात्राओं का परीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध लिंक RESULT पर अपलोड कर दिया गया एवं जिन छात्र / छात्राओं का डिजिटल पुनर्मूल्यॉकन का परीक्षा परिणाम अपूर्ण है। पुनर्मूल्यॉकन का कार्य पूर्ण कराकर एक सप्ताह में उनका परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।

उक्त के अनुक्रम में प्रमुख सचिव / अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, शासन / प्राविधिक शिक्षा परिषद के अनुमोदनोपरान्त शेष छात्र / छात्राओं के डिजिटल पुनर्मूल्यॉकन का परीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध लिंक RESULT पर अपलोड कर दिया गया है, जिसे छात्र / छात्रा Enrollment N0. एवं जन्मतिथि की सहायता से देख सकते हैं।

अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने स्तर से छात्र / छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचित करने का कष्ट करें तथा उक्त सूचना नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0 सं0 : प्राशिप / अनु03 / डिजिटल पुनर्मूल्यॉकन / 2024 / 1218-21 तद्दिनांक:- 03/06/2024

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, अध्यक्ष / प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद / प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन को प्रमुख सचिव महोदय के सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र दौराला मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त संस्थाओं को उपरोक्तानुसार निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त परीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव